कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय सूरजपुर,

NAAC GRADE-B

जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

College Code-3501

Ph. No. 07775-266657 E.mail-pri.gdc.surajpur@gmail.com/ pri-rmpgsurajpur.cg@gov.in

Web.-www.govtcollegesurajpur.ac.in

नियमित छात्र/छात्राओं हेतु आवश्यक सूचना

शैक्षणिक सत्र 2020–21 में कोविड–19 की परिस्थितियों के कारण वर्तमान में सूरजपुर जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों में नियमित कक्षाओं का संचालन नहीं हो पा रहा है किन्तु छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा छात्र/छात्राओं को Online पद्धति से पठन–पाठन की निम्न व्यवस्थाएँ की गयी है :–

01 **महाविद्यालय में संचालित ऐसे विषय जिनके नियमित प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक महाविद्यालय में वर्तमान में उपलब्ध है :–**

इस स्थिति में महाविद्यालय शिक्षकों के द्वारा 2020–21 सत्र के स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं को दिनांक 02.11.2020 से Online पद्धति जैसे गूगल मीट, वैबेक्स आदि के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है तथा स्नातक II, III की Online कक्षाएँ विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात अथवा शासन के आगामी निर्देशानुसार प्रारंभ किया जावेगा। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र/छात्राएँ सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते है।

02 **महाविद्यालय में संचालित ऐसे विषय जिनके नियमित प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक महाविद्यालय में वर्तमान में उपलब्ध नहीं है, अर्थात महाविद्यालय में पद रिक्त है :–**

इस स्थिति में छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा छात्र/छात्राओं के Online अध्यापन हेतु केन्द्रीयकृत शिक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत प्रदेश के चयनित महाविद्यालयों के चयनित विषयों के छात्र/छात्राओं को Poilot Project के तहत चुना गया है जिनका अध्यापन कार्य प्रगति पर है किन्तु इस व्यवस्था में छात्र/छात्राओं को आ रही कठिनाईयों को देखते हुए शासन द्वारा गूगल एप्प विकासित किया गया है जिसे मोबाईल के प्ले स्टोर में जाकर निम्न Link के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है "https://play.google.com/store/apps/details?id=com.higher education.cg"

समस्त नियमित छात्र/छात्राएँ उक्त Link के माध्यम से गूगल एप्प अनिवार्यतः डाउनलोड करें। यह Link महाविद्यालय टेलीग्राम ग्रुप Govt RRM PG College Surajpur तथा महाविद्यालय की वेबसाईड www.govtcollegesurajpur.ac.in पर भी उपलब्ध है जहाँ से इसे Copy किया जा सकता है। सूरजपुर जिले के महाविद्यालय में प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों वाले विषयों का अध्यापन केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अन्तर्गत इस "एप्प" के माध्यम से कराया जाएगा, जिसकी समय–सारणी भी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायी जायेगी।

विशेष नोट :–

01 कोविड–19 की परिस्थितियों के कारण छात्र/छात्राओं को Online पद्धति से पठन–पाठन की उक्त व्यवस्थाओं का समुचित लाभ लेने के लिए समस्त छात्र/छात्राओं के पास एड्रायड मोबाईल फोन व पर्याप्त Net Pack का होना आवश्यक है।

02 Online कक्षाओं में प्रत्येक नियमित छात्र/छात्राओं की न्यूनतम 75% उपस्थिति होना आवश्यक है।

S.S. Agrawal 06/11/2020

(डॉ. एस. एस. अग्रवाल)

प्राचार्य

शासकीय रे.र.मि. स्नातकोत्तर महा. सूरजपुर

जिला–सूरजपुर (छ.ग.)